कंटेनर से 31 गौवंश बरामद, दो गौ तस्कर गिरफ्तार

ग्वालियर से भरकर लाए थे, छत्तीसगढ़ ले जाने की थी तैयारी

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 5 अप्रैल। कोलारस थाना क्षेत्र में पुलिस ने एनएच-46 पर एक कंटेनर से 31 गौवंश बरामद किए हैं। यह कार्रवाई रविवार सुबह राज होटल के पास की गई, जिसमें दो गौ तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया।

कोलारस पुलिस को रविवार सुबह मुखबिर से पशु तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर के निर्देश पर एक पुलिस टीम को हाईवे पर तैनात किया गया। पुलिस टीम ने सुबह करीब 11 बजे पड़ौरा चौराहा के पास राज होटल के नजदीक संदिग्ध कंटेनर को रोका और उसकी जांच की। कंटेनर के दरवाजे खोलने पर उसमें 31 गौवंश ठूंस-ठूंसकर भरे हुए मिले। सभी गौवंश के सींग रस्सियों से बांधे गए थे,

जिससे उनकी हालत खराब हो रही थी। पुलिस ने कंटेनर में सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान राजस्थान के इस्लामपुर निवासी सलमान खान और श्योपुर निवासी इरशाद खान के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गौवंश को ग्वालियर से भरकर लाए थे और गुना के रास्ते छत्तीसगढ़ ले जाने की तैयारी में थे। बरामद सभी 31 गौवंश को बदरवास के एनवारा गांव स्थित श्री वैकुंठधाम गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया गया है। पुलिस ने कंटेनर जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ पशु तस्करी सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

ट्रक की टक्कर से 3 गायों की मौत

शिवपुरी। बदरवास थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में तीन गायों की मौत हो गई। स्टेशन रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने इन गायों को कुचल दिया। इस

घटना के बाद एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक बैल मृत गायों को उठाने का प्रयास करता दिख रहा है, जिसने लोगों को भावुक कर दिया। बदरवास निवासी ऋषि भारती (25) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उन्होंने बताया कि रविवार सुबह करीब 7 बजे स्टेशन रोड पर ट्रक क्रमांक क्क78ष्ट्ट7825 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए तीन गायों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गायों की मौके पर ही मौत हो गई। निखिल बैरागी, अमित जैन और अमित यादव सहित कई प्रत्यक्षदर्शियों ने इस घटना को देखा। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पशु अस्पताल को सूचित किया। इसी बीच, घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसने कई लोगों को भावुक कर दिया। वीडियो में एक बैल मृत पड़ी गायों के पास खड़ा दिखाई देता है और उन्हें बार-बार उठाने की कोशिश करता है। यह दृश्य ऐसा प्रतीत होता है मानो वह अपने साथियों को जीवित करने का प्रयास कर रहा हो। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

चिंताहरण मंदिर के पास घर में घुसा मगरमच्छ, लोगों ने लाठियों से खदेड़ा, नाले में छोड़ा

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 5 अप्रैल। शहर के चिंताहरण मंदिर के पास शनिवार रात एक मगरमच्छ अचानक एक घर में घुस गया, जिससे अफरातफरी मच गई। घर में मौजूद लोग घबरा गए और उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए।

यह घटना राजू बाथम के घर में हुई। परिवार और पड़ोसियों ने लाठियों की मदद से मगरमच्छ को बाहर निकालने का प्रयास किया। इस दौरान मगरमच्छ आक्रामक हो गया और उसने कई बार अपना जबड़ा खोलकर लोगों को डराने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने धैर्य बनाए रखा।

काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को घर से बाहर निकाला गया और उसे पास के नाले की ओर खदेड़ दिया गया। मगरमच्छ नाले के रास्ते जाधव सागर तालाब की ओर चला गया। बताया गया है कि जाधव सागर तालाब में बड़ी संख्या में मगरमच्छ रहते हैं। बारिश के मौसम में वे अक्सर नालों के जरिए रिहायशी इलाकों में पहुंच जाते हैं। शनिवार शाम से हुई तेज बारिश के कारण नालों का जलस्तर बढ़ गया था, जिसके चलते यह मगरमच्छ घर तक आ गया।

भव्यता से मनेगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव, 23 को निकलेगा भव्य चल समारोह

नवभारत न्यूज

बजरवास, 5 अप्रैल। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर शस्त्र और शास्त्र के प्रणेता भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव बदरवास में धूमधाम और भव्यता से मनाया जाएगा।

ब्राह्मण समाज की बैठक में हुआ निर्णय

20 अप्रैल अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम का धूमधाम से पूजन अर्चन होगा तथा 23 अप्रैल को विशाल शोभायात्रा, चल समारोह निकाला जाएगा। ब्राह्मण समाज बदरवास की गत दिवस आयोजित वृहद बैठक में परशुराम जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लेकर रूपरेखा तैयार की गई। भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर दो चरणों में मुख्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 20 अप्रैल अक्षय तृतीया को राधारानी मंदिर पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास और विधिविधान से पूजन अर्चन कर महाआरती से मनेगा। 23 अप्रैल को विशाल शोभायात्रा और चल समारोह निकाला जाएगा जो मुख्य आकर्षण रहेगा। यह शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकलेगी।

बदरवास में ब्राह्मण समाज द्वारा 23 अप्रैल को आयोजित भगवान परशुराम की बृहद शोभायात्रा धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाने हेतु घर घर जाकर संपर्क और तैयारियां जारी हैं।

मगरौनी पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 5 अप्रैल। जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी मगरौनी थाना नरवर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के घर से 50 पेटी अवैध शराब जब्त की है। जब्त शराब की कुल कीमत करीब 2 लाख 6 हजार रुपये आंकी गई है। हालांकि पुलिस दबिश के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर जिलेभर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में मगरौनी पुलिस को 5 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भदारी निवासी सोनू पुत्र रघुवीर परिहार अपने खेत पर बने मकान में भारी मात्रा में अवैध शराब छिपाकर रखे हुए है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी सोनू परिहार अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 33 जेडसी 6920 से भौगोलिक स्थिति का फायदा

उठाकर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने मकान के बाहर टीन शेड में रखे पीली चादर से ढंके सामान की तलाशी ली। तलाशी में 37 पेटी देशी मदिरा प्लेन 1850 क्वार्टर 333 लीटर, 8 पेटी देशी मदिरा मसाला 400 क्वार्टर 72 लीटर और 5 पेटी बीयर 120 केन, 60 लीटर बरामद हुई। कुल 465 लीटर शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 2,06,000 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस का मानना है कि आरोपी लंबे समय से अवैध शराब के कारोबार में लिप्त है। उक्त कार्रवाई में उपनिरीक्षक अभिमन्यु राजावत चौकी प्रभारी मगरौनी, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश यादव, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र गुप्ता, आरक्षक अनिल चतुर्वेदी, सचिन यादव, रविन्द्र भास्कर और राघवेन्द्र तोमर की अहम भूमिका रही।

संत रामपाल महाराज का विशाल सत्संग समारोह आयोजित, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया आध्यात्मिक ज्ञान

नरवर, 5 अप्रैल। शिवपुरी जिले की करेरा तहसील अंतर्गत ग्राम खेराई में रविवार को प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक एलसीडी प्रोजेक्टर के माध्यम से विशाल आध्यात्मिक सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और पूरे समय श्रद्धापूर्वक सत्संग श्रवण किया।

इस अवसर पर प्रवचनों का प्रसारण किया गया, जिसमें मानव जीवन के उद्देश्य, परमात्मा की भक्ति, शास्त्रों में वर्णित सच्चे ज्ञान तथा समाज में फैली कुरीतियों से मुक्ति के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बताया गया कि वर्तमान समय में समाज में अनेक प्रकार के भ्रम, आडंबर और पाखंड बढ़ रहे हैं, जिसके कारण आम जनमानस अपने धार्मिक ग्रंथों के वास्तविक ज्ञान से दूर होता जा रहा है। ऐसे समय में शास्त्रों के आधार पर भक्ति और जीवन जीने की सही दिशा समझना अत्यंत आवश्यक है।

सत्संग में यह भी बताया गया कि संतों का मार्गदर्शन समाज के लिए सदैव उपयोगी रहा है, क्योंकि संत मानव जीवन की समस्याओं का समाधान आध्यात्मिक दृष्टि से प्रस्तुत करते हैं। उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे ध्यानपूर्वक सत्संग सुना और इसे ज्ञानवर्धक बताया। आयोजकों के अनुसार इस प्रकार के सत्संग कार्यक्रमों का उद्देश्य गांव-गांव तक आध्यात्मिक संदेश पहुँचाना, सामाजिक बुराइयों को समाप्त करना तथा लोगों में सदाचार, भाईचारा और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना।

600 वर्गफीट की रजिस्ट्री, मौके पर दो मंजिला मकान

बैराड़ में स्टाम्प ड्यूटी चोरी का बड़ा खेल उजागर

नवभारत न्यूज

पोहरी, 5 अप्रैल। नगर पंचायत बैराड़ में संपत्ति रजिस्ट्री को लेकर बड़ा खेल सामने आया है, जिसमें सरकारी राजस्व को चूना लगाने का गंभीर मामला उजागर हुआ है। दस्तावेजों में जहां सिर्फ 600 वर्गफीट निर्मित मकान दर्शाकर रजिस्ट्री कराई गई, वहीं मौके पर पूरे प्लॉट पर दो मंजिला मकान खड़ा होने की बात सामने आई है।

जानकारी के अनुसार रजिस्ट्री में विक्रेता के रूप में कैलाश नारायण सोनी, किरण सोनी और शीतल सोनी तथा क्रेता के रूप में अमन सोनी का नाम दर्ज है। दस्तावेजों में साफ उल्लेख है कि केवल एक मंजिल और 600 वर्गफीट निर्माण है। खसरा नंबर 269 की करीब 3150 वर्गफीट जमीन पर बने मकान को रजिस्ट्री में जानबूझकर कम दर्शाया गया, जिससे स्टाम्प ड्यूटी में भारी चोरी की गई। सूत्रों का कहना है कि इस पूरे मामले में रजिस्ट्री कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी की

भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है।

आरोप है कि यह पूरा खेल रजिस्ट्रार हनीफ खान की मिलीभगत से अंजाम दिया गया, जहां नियमों को ताक पर रखकर कम क्षेत्रफल दिखाकर दस्तावेज तैयार किए गए। जबकि मौके की वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल अलग बताई जा रही है।

दस्तावेज में साफ तौर पर सिर्फ एक मंजिल और 600 वर्गफीट निर्माण का उल्लेख है, लेकिन हकीकत में दो मंजिला पक्का मकान मौजूद होना गंभीर अनियमितता की ओर इशारा करता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि शासन को मिलने वाली स्टाम्प ड्यूटी में बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है।

जांच की उठी मांग

स्थानीय लोगों और जागरूक नागरिकों ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच होती है तो राजस्व हानि और अधिकारियों की भूमिका दोनों सामने आ सकती हैं।

बड़ा सवाल

क्या रजिस्ट्री करते समय मौके का सत्यापन किया गया था?

अगर नहीं, तो जिम्मेदार कौन? : और अगर किया गया था, तो फिर इतनी बड़ी गड़बड़ी कैसे हुई?

इनका कहना है

यह प्रकरण मेरे संज्ञान में है मैने उस मकान का मोका मुआयना किया जिसमे पुराने समय का दो मंजिला मकान बना हुआ है, स्टाम्प ड्यूटी लगाकर प्रकरण बनाकर डी आर ऑफिस भेज दिया है

हनीफ खान, रजिस्ट्रार पोहरी

दो चोर गिरफ्तार, 5 लाख का माल बरामद

एक रात में गोदाम-ध्यान केंद्र से की थी चोरी, टीवी, मिक्सर, साउंड सिस्टम ले गए

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 5 अप्रैल। कोतवाली पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने एक ही रात में इलेक्ट्रॉनिक गोदाम और एक ध्यान केंद्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस ने उनके पास से करीब 5 लाख रुपये का चोरी का सामान बरामद किया है।

कोतवाली प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि 27 मार्च 2026 को दुबेपुरा निवासी अमित कुमार श्रीवास्तव ने चतुर्भुज अस्पताल के पास स्थित अपने गोदाम से तीन फ्रिज चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसी दिन न्यू दर्पण कॉलोनी निवासी अभिनव भटनागर ने सामने बने ध्यान केंद्र से एलईडी टीवी, मिक्सर, साउंड सिस्टम और अन्य सामान चोरी होने की शिकायत की। दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

एसपी अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों से जानकारी जुटाई। 4 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी चोरी का सामान बेचने के लिए ग्वालियर

बायपास पर घूम रहे हैं।

पुलिस ने घेराबंदी कर लोडिंग वाहन सहित दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कोलारस निवासी राजू कुशवाह और ऐंचवाड़ा, बैराड़ निवासी देवेन्द्र कुशवाह के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी की वारदातें कबूल कर लीं। बरामद माल की कुल कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई गई है। मुख्य आरोपी राजू कुशवाह के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से करीब 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

नए सत्र की जमीनी हकीकत : कहीं पढ़ाई पटरी पर, कहीं स्कूलों पर ताले, निरीक्षण में खुली पोल

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 5 अप्रैल। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूलों की व्यवस्थाओं की हकीकत सामने आने लगी है। भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई सख्त मॉनिटरिंग में जहां कई स्कूलों में अनुशासन और पढ़ाई का बेहतर माहौल दिखा, वहीं कुछ जगहों पर लापरवाही और कामचोरी ने सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए। कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में स्कूलों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए ऐप आधारित निरीक्षण व्यवस्था लागू की गई है। इसी क्रम में जिला शिक्षा केंद्र के सहायक परियोजना समन्वयक उमेश करारे ने शिवपुरी से पोहरी विकासखंड तक के दूरस्थ स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश स्कूलों में शिक्षक उपस्थित मिले और नियमित रूप से अध्यापन करते नजर आए, लेकिन कुछ स्कूलों की स्थिति चौंकाने वाली रही।

ताले लटके, शिक्षक गायब, खुली लापरवाही की परतें : निरीक्षण में शासकीय माध्यमिक विद्यालय पतारा में पांच शिक्षक-शिक्षिकाएं बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। वहीं मावि नयागांव में दो शिक्षक गैरहाजिर मिले। इससे भी गंभीर स्थिति गहलौनी, आबादपुर पोहरी और बालापुर के स्कूलों में दिखी, जहां स्कूलों पर ताले लटके मिले। नए सत्र के पहले ही दिनों में ऐसी लापरवाही शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल बनकर सामने आई है।

जहां दिखी जिम्मेदारी, वहां सराहना : इसके विपरीत प्रावि आनंदपुरा, सेंवढ़ा, गोपालपुर और जाफरपुर जैसे स्कूलों में शिक्षण कार्य व्यवस्थित रूप से संचालित मिला। यहां एपीसी उमेश करारे ने शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और निरीक्षण को ऐप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज किया।

सख्त रुख, नोटिस जारी, कार्रवाई तय : निरीक्षण के बाद लापरवाह शिक्षकों और बंद मिले स्कूलों के जिम्मेदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। अधिकारियों ने साफ संकेत दिए हैं कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इनका कहना है

भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत लगातार स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई सुचारु मिली, लेकिन कुछ जगहों पर लापरवाही सामने आई है। संबंधितों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं, नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उमेश करारे,
एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र शिवपुरी

सिंधिया ने हितग्राही सम्मेलन में पेश किया विकास और जनकल्याण का संगम

अशोकनगर को दिया 3 करोड़ अधिक की सौगातों का उपहार, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता : सिंधिया

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 5 अप्रैल। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर विधानसभा के जनपद मैदान में आयोजित विशाल हितग्राही सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने हजारों हितग्राहियों से संवाद करते हुए उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिससे यह आयोजन जनविश्वास और सहभागिता का प्रतीक बन गया। इस दौरान उन्होंने 3 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

आवास, आजीविका और सम्मान का सशक्त आधार

सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद पंचायत अशोकनगर अंतर्गत 7,317 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 4,139 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष आवास निर्माणाधीन हैं। साथ ही मार्च 2026 में 5,534 नए आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 1,733 हितग्राहियों को प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। इस अवसर पर दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 8 स्व-सहायता समूहों को 27 लाख की सीसीएल राशि वितरित की गई, जिससे ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की नई दिशा मिलेगी।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण और जनसेवा की प्रतिबद्धता

कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए बताया गया कि अशोकनगर जिले में 1,456 दिव्यांगजनों को 5,172 सहायक उपकरण प्रदान किए जा चुके हैं। पूरे संसदीय क्षेत्र में यह संख्या 8,640 लाभार्थियों तक पहुंच चुकी है, जिन्हें लगभग 7 करोड़ मूल्य के उपकरण वितरित किए गए हैं। यह पहल केवल सहायता नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

स्वास्थ्य सेवा में शिवपुरी ने रचा इतिहास : श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस अभियान में 2.82 लाख से अधिक ओपीडी परामर्श और 3,600 से अधिक नि:शुल्क सर्जरी सफलतापूर्वक की गईं। आधुनिक तकनीक, विशेषकर रोबोटिक सर्जरी के उपयोग के साथ यह शिविर एक ऐतिहासिक उपलब्धि बना और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ। यह पहल ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित करती है।

अशोकनगर को मिली विकास कार्यों की नई गति

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर लगभग 70 लाख की लागत से 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 2 करोड़ 55 लाख की लागत से 15 कार्यों का लोकार्पण किया गया। ये कार्य क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

समग्र विकास और आत्मनिर्भरता का संकल्प

अपने संबोधन के अंत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने सभी नागरिकों से विकास की इस यात्रा में सहभागी बनने का आह्वान किया और अशोकनगर को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने का संकल्प दोहराया।